भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1276
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

वर्ष 2014 से खेल की उपलब्धियाँ

1276. श्री भारत सिंह कुशवाहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 2014 से आज की तारीख तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और टीमों की खेल-वार संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान भारतीय खिलाड़ियों और टीमों द्वारा जीते गए पदकों, चैम्पियनशिपों और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिताबों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों और टीमों के सर्वाधिक प्रतिनिधित्व वाले राज्यों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पुनर्वास प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है और ऐसे खिलाड़ियों की संख्या कितनी है जिन्होंने अब तक केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) या निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्त किया है, और ऐसे कितने खिलाड़ी हैं जिन्हें अभी तक संस्थागत रोजगार से नहीं जोड़ा गया है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों एवं टीमों की संख्या का विवरण संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों द्वारा संधारित किया जाता है। ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी एवं उपलब्धियों का विवरण अनुबंध-I और II में दिया गया है।

(घ) सरकार पदक विजेताओं सहित खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करने, पुनर्वास तथा प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित करती है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स), इसके अंतर्गत प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षकों, उपकरणों, खेल विज्ञान सहायता तथा जेब खर्च भत्ते के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है

(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता स्कीम (एएनएसएफ), इसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी, राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों, खेल उपकरणों की खरीद, कोचों तथा सहायक कर्मियों की नियुक्ति के लिए सहायता प्रदान की जाती है;

(iii) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष (पीडीयूएडब्ल्यूएफएस) के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पेंशन, चिकित्सा उपचार, पारिवारिक कल्याण तथा संकट की स्थिति में अन्य सहायता सहित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है;

(iv) खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता प्रदान करने के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार; तथा

(v) मौजूदा नकद पुरस्कार स्कीम के अनुसार ओलंपिक खेल, पैरालंपिक खेल, एशियाई खेल, पैरा एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और डेफलिंपिक जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं को नकद प्रोत्साहन;

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय द्वारा विभिन्न संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों से संबंधित आंकड़े संधारित नहीं किए जाते हैं।

*****

अनुबंध – I

"वर्ष 2014 से खेल उपलब्धियां" के संबंध में श्री भारत सिंह कुशवाहा द्वारा दिनांक 27.07.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1276 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुबंध I

राष्ट्रमण्डल का विवरण

खिलाड़ियों की भागीदारी का विवरण निम्नानुसार है

खेल विधा	ग्लासगो 2014	गोल्ड कोस्ट 2018	बर्मिंगहम 2022	कुल
एथलेटिक्स	41	45	36	122
बैडमिंटन	10	10	10	30
मुक्केबाजी	8	12	12	32
साइकिलिंग	14	13	0	27
जिम्नास्टिक	14	10	12	36
हॉकी	32	32	36	100
जूडो	14	10	10	34
लॉन बाउल्स	0	0	10	10
निशानेबाजी	27	27	0	54
स्क्वैश	8	10	9	27
तैराकी	6	7	6	19
टेबल टेनिस	10	10	8	28
ट्रायथलॉन	0	2	0	2
भारोत्तोलन	15	15	15	45
कुश्ती	15	15	12	42
पैरा एथलेटिक्स	0	0	5	5

पैरा पावरलिफ्टिंग	0	0	3	3
पैरा तैराकी	0	0	1	1
पैरा टेबल टेनिस	0	0	5	5
क्रिकेट (महिला)	0	0	15	15
	214	218	205	637

एशियाई खेल

खिलाड़ियों की भागीदारी का विवरण निम्नानुसार है::

खेल	इंचियोन 2014	जकार्ता–पालेम्बांग 2018	हांगझोउ 2022 * (2023)	कुल
तीरंदाजी	16	16	16	48
एथलेटिक्स	95	50	68	213
बैडमिंटन	20	20	19	59
बास्केटबॉल	24	12	20	56
मुक्केबाजी	16	10	13	39
कैनोइंग	8	48	17	73
क्रिकेट	0	0	30	30
साइकिलिंग	19	15	14	48
डाइविंग	2	2	2	6
अश्वक्रीड़ा	22	7	10	39
फेंसिंग	20	4	9	33
फुटबॉल	18	0	44	62

गोल्फ	7	7	7	21
जिम्नास्टिक	14	10	1	25
हैंडबॉल	30	30	16	76
हॉकी	36	36	36	108
जूडो	14	6	4	24
कबड्डी	24	24	24	72
कराटे	12	2	0	14
कुराश	0	14	6	20
जू-जित्सु	0	0	11	11
पेंचक सिलाट	0	3	0	3
रोलर स्पोर्ट्स	0	4	0	4
रोइंग	43	34	0	77
नौकायन	17	9	0	26
सेपक तकरॉ	24	24	0	48
निशानेबाजी	58	28	0	86

स्पोर्ट क्लाइम्बिंग	0	3	0	3
स्क्वैश	10	8	8	26
तैराकी	27	10	21	58
टेबल टेनिस	10	10	10	30
ताइक्वांडो	11	8	2	21

टेनिस	12	12 (लॉन) + 10 (सॉफ्ट)	12	46
ट्रायथलॉन	6	4	2	12
वॉलीबॉल	28	28	0	56
भारोत्तोलन	15	4	10	29
कुश्ती	24	18	18	60
वुशु	15	13	11	39
ब्रिज	0	24	18	42
	697	545	479	1743

ओलंपिक खेल

खिलाड़ियों की भागीदारी का विवरण निम्नानुसार है:

खेल विधा	रियो 2016	टोक्यो 2020*	पेरिस 2024	कुल
तीरंदाजी	5	4	6	15
एथलेटिक्स	25	26	29	80
बैडमिंटन	7	9	7	23
मुक्केबाजी	8	9	6	23
अश्वक्रीड़ा	1	3	1	5
फेंसिंग	0	1	0	1
गोल्फ	4	4	4	12
जिम्नास्टिक	1	1	0	2
हॉकी	32	32	19	83
जूडो	1	1	1	3
रोइंग	3	2	1	6

नौकायन	0	4	2	6
निशानेबाजी	12	15	21	48
तैराकी	1	1	2	4
टेबल टेनिस	4	4	8	16
टेनिस	5	7	3	15
भारोत्तोलन	2	2	1	5
कुश्ती	8	7	6	21
कुल	119	132	117	368

अनुबंध – II

"वर्ष 2014 से खेल उपलब्धियां" के संबंध में श्री भारत सिंह कुशवाहा द्वारा दिनांक 27.07.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1276 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुबंध

क्र. स.	प्रतियोगिता	पदक विजेताओं की संख्या
1	राष्ट्रमण्डल खेल, 2014	64 (स्वर्ण - 15 रजत - 30 कांस्य - 19)
2	आशियाई खेल, 2014	57 (स्वर्ण - 11 रजत - 09 कांस्य 37)
3	रियो ओलिंपिक्स 2016	02 (रजत – 1 कांस्य – 1)
4	टोक्यो ओलिंपिक्स, 2020	07 (स्वर्ण – 1 रजत – 2 कांस्य – 4)
5	पेरिस ओलिंपिक्स, 2024	06 (रजत – 1 कांस्य – 5)
6	एशियाई गेम्स, 2018	70 (स्वर्ण – 16 रजत – 23 कांस्य – 31)

7	एशियाई गेम्स, 2022	106 (स्वर्ण – 28 रजत – 38 कांस्य – 40)
8	राष्ट्रमण्डल खेल, 2018	66 (स्वर्ण – 26 रजत – 20 कांस्य – 20)

9	राष्ट्रमण्डल खेल, 2022	61 (स्वर्ण – 22 रजत – 16 कांस्य – 23)

*****